
हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 23 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07 कम उम्र में सात्विक ने बनाई फिल्मी दुनिया में पहचान



08 डोल ग्यारस पर निकले विमान, जल विहार के लिए मिश्र तालाब पहुंचे लड्डू...



खबर संक्षेप

दशहरा उत्सव की तैयारी को लेकर बैठक आज

विदिशा। महाराणा प्रताप राजपूत विकास समिति एवं ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी दशहरा उत्सव को लेकर आज बुधवार दोपहर 2 बजे महाराणा प्रताप राजपूत मांगलिक भवन में बैठक होगी। इसमें दशहरा उत्सव की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं आयोजन को लेकर चर्चा की जाएगी। समिति ने जिले के समस्त राजपूत सामाजिक संगठनों, समाज के वरिष्ठजनों, सरदारों, युवाओं एवं समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सुझाव एवं सहयोग देने की अपील की है।

जरूरतमंदों को भोजन कराकर करें श्राद्ध

विदिशा। पितृ पक्ष में पूर्वजों की स्मृति में श्रद्धापूर्वक श्राद्ध एवं जरूरतमंदों को भोजन कराने के लिए विदिशा सेवा संस्थान ने विशेष इंतजाम किए हैं। कच्छी धर्मशाला स्थित भोजनशाला में पूरे पखवाड़े श्राद्ध का आयोजन होगा। इस दौरान पूड़ी, खीर, सब्जी, मिठाई व नमकीन परोसे जाएंगे। सचिव आरके कुलश्रेष्ठ ने बताया कि लोग अपने पुरखों की तिथि पर श्राद्ध के लिए बुकिंग करा रहे हैं। श्रद्धानुसार राशि अथवा घी, तेल, शकर, आटा व मसाले आदि सामग्री दान की जा सकती है। जिन लोगों को तिथि याद नहीं है, वे पितृमोक्ष अमावस्या पर श्राद्ध कर सकेंगे। श्राद्ध के दिन परिजन स्वयं भोजन परोसकर जरूरतमंदों की सेवा भी कर सकेंगे। इच्छुक लोग संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास से की उदयगिरि परिक्रमा

विदिशा। मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा हर माह शुक्ल पक्ष की एकादशी पर आयोजित उदयगिरि परिक्रमा डोल ग्यारस के अवसर पर मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ हुई। सुबह 7 बजे श्री वेंकटेश बालाजी मंदिर से परिक्रमा शुरू हुई, जो मां बेतवा के विभिन्न घाटों से होते हुए उदयगिरि पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर नृत्य किया। इस दौरान परिक्रमा धारियों ने जामुन के पौधे का रोपण किया। परिक्रमा में गजेंद्र प्रताप सिंह, रघुवर दयाल उपाध्याय, सोनू सरदार कुशवाह, नाना यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। संचालक पं. संजय पुरोहित ने बताया कि परिक्रमा का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण है।

ढोल ग्यारस पर विमान में निकले बांके बिहारी, दर्शन को उमड़ा सैलाब

ग्यारसपुर। ढोल ग्यारस पर वर्षों पुरानी परंपरा के तहत भगवान श्री बांके बिहारी और राधा रानी विमान में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। बांके बिहारी मंदिर से निकली शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लोगों ने घरों के बाहर चौक सजाकर कलश स्थापित किए और भगवान की आरती उतारी। भक्त नंगे पैर कंधों पर विमान लेकर नगर की गलियों से गुजरे। विमान बस स्टैंड पर विश्राम के बाद वन विभाग परिसर स्थित माता शांगम्बरी मंदिर पहुंचा। यहां पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु भगवान को अपने घर ले गए।

चोरी का प्रयास: घटना को लेकर व्यापारियों में आक्रोश, सुरक्षा पर उठाए सवाल

मंडी की 6 दुकानों के ताले टूटे, सेंटर लॉक नहीं खुले, चोरों को खाली हाथ लौटना पड़ा

मिर्जापुर स्थित नई मंडी के आसपास के क्षेत्र में दुकानों का ताला तोड़ने वाले चोर सक्रिय हैं।



विदिशा। चोरी होने के बाद दुकान के रखे सामान की जांच पड़ताल करते हुए व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मिर्जापुर कृषि उपज मंडी में एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ गए हैं। सोमवार रात चोरों ने मंडी की करीब छह दुकानों के ताले तोड़ दिए। मंगलवार सुबह दुकानें खोलने पहुंचे व्यापारियों ने जब ताले टूटे मिले।

हालांकि, इस बार चोर किसी दुकान से सामान या कैश ले जाने में कामयाब नहीं हुए। लेकिन, इस घटना ने मंडी की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। दुकानदारों में इस घटना को लेकर काफी गुस्सा है। उनका कहना है कि मंडी में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार दुकानों के ताले टूट चुके हैं और लाखों रुपए का सामान व कैश चोरी हो चुका है। इसके बावजूद मंडी में रात के समय सुरक्षा के लिए गार्ड तक नहीं हैं।

कुछ दुकानों के सेंटर लॉक नहीं खुल पाए

दुकानदार जिनेंद्र कुमार जैन ने बताया कि उनकी अनाज की दुकान है। उनकी लाइन में करीब पांच दुकानों के ताले टूटे हैं। दुकानदार अमन सिंह कुशवाह ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे दुकान खोलने पहुंचे तो ताले टूटे हुए मिले। कुछ दुकानों के सेंटर लॉक नहीं खुल पाए, इसलिए चोर शटर नहीं उठा सके। जिन दुकानों के शटर खुल गए थे, वहां से भी वे सामान नहीं ले जा पाए। अमन सिंह ने कहा कि पिछले 3-4 साल से नहीं, बल्कि हर 5-6 महीने में इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। पुलिस आती है, कार्रवाई की बात होती है, लेकिन चोरों के पकड़े जाने की जानकारी नहीं मिलती। दुकानदारों के मुताबिक, पिछली बार हुई चोरी में 4-5 दुकानों से करीब 5-5 हजार रुपए कैश चोरी हुआ था। तब चोर पीछे की दीवार तोड़कर दुकानों में घुसे थे। व्यापारियों का आरोप है कि बार-बार चोरी की घटनाओं के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में कोई ठोस बदलाव नहीं किया गया है।

कार्रवाई की मांग की

दुकानदार राहुल ने कहा कि मंडी बोर्ड दुकानों से किराया लेता है और बिल भी देता है, लेकिन सुरक्षा के लिए गार्ड नहीं है। व्यापारियों ने मंडी परिसर में नियमित सुरक्षा गार्ड तैनात करने और पिछली चोरी की घटनाओं में प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। बार-बार चोरी की घटनाओं के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था नहीं सुधरने से अब व्यापारियों में गुस्सा बढ़ गया है। इधर, पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

चोरी की प्लानिंग का अड्डा बना बायपास

बायपास पर शाम होते ही आसमाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ जाती है। बायपास स्थित शराब दुकान से लेकर मिर्जापुर चौराहे और उसके आगे एक ढ़ाबे तक चोर, उचक्के, गुंडे मबाली, अवैध नशे का कारोबार करने वालों से लेकर छोटी मोटी चोरियां करने वालों तक सभी सक्रिय रहते हैं। ढांबों पर या सड़क किनारे अंधेरी जगह पर या तो खेतों में बैठकर प्लानिंग की जाती है। हाईवे के ढाबों और होटलों पर खुलेआम बैठकर शराब पिलाई जा रही है। चोर उचक्के, बदमाश यहां बैठकर शराब पीते हैं, खाना खाते हैं फिर निकल जाते हैं किसी घर, दुकान को निशाना बनाने। क्योंकि यहां पुलिस के आने का खौफ चोरों को नहीं रहता।

बारिश से सोयाबीन की फसल बर्बाद, किसानों ने मांगा सर्वे और मुआवजा

खेतों में फसल गली, पौधे बढ़े लेकिन फलियां नहीं लगीं



विदिशा। हाथों में सोयाबीन फसल के पौधे लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे दर्जनों किसान।

करारिया लश्करपुर के किसानों ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लगातार बारिश से सोयाबीन की फसल खराब होने से परेशान करारिया लश्करपुर के किसानों ने फसल नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

किसानों ने कलेक्टर को आवेदन देकर राजस्व और कृषि विभाग की टीम से खेतों का जल्द सर्वे कराने की मांग की। किसानों ने बताया कि ग्राम नागरपिपरिया, करारिया लश्करपुर क्षेत्र के आसपास गांवों में अधिक बारिश के कारण कई खेतों में सोयाबीन की फसल गलने लगी है। कई खेतों में पौधे तो बढ़ गए, लेकिन उनमें फलियां नहीं लगीं। किसानों का कहना है कि अधिकांश किसान छोटे रकबे में खेती करते हैं और खेती ही उनके परिवार की आय का प्रमुख साधन है। फसल खराब होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

किसानों ने मांग की कि टीम मौके पर पहुंचकर खराब फसल का वास्तविक आकलन करे। सर्वे के आधार पर पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा और राहत राशि दिलाई जाए। किसानों का कहना है कि समय पर सर्वे होने से नुकसान का सही आकलन हो सकेगा और प्रभावित किसानों को शासन की राहत योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

21 फीट का सरकारी रास्ता सिमटकर रह गया छह फीट

सात दिन में मुरम डलवाकर दुरुस्त कराने का था आश्वासन

विदिशा। कुरवाई तहसील के ग्राम करैया टेंकू के ग्रामीण शासकीय रास्ते पर अतिक्रमण की समस्या से परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय आराजी क्रमांक 479 एवं 483 से होकर निकलने वाला आम रास्ता किसानों के लिए खेतों तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है। करीब 21 फीट चौड़ा यह रास्ता अतिक्रमण के चलते अब महज करीब 6 फीट रह गया है। इससे ट्रैक्टर, कृषि उपकरण और अन्य वाहन खेतों तक ले जाने में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कलेक्टर को आवेदन देकर रास्ते का सीमांकन कराने, अतिक्रमण हटाने और रास्ते का चौड़ीकरण कराने की मांग की है। आवेदन के अनुसार गांव में करीब 500 बीघा कृषि भूमि है, जहां खेती-किसानी के लिए इसी रास्ते का उपयोग किया जाता है। रास्ता संकरा होने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि 27 और 29 अगस्त को जन अभियान के तहत कलेक्टर के ग्राम पंचायत करैया टेंकू पहुंचने की उम्मीद थी। 29 अगस्त को पंचायत सचिव, पटवारी और सरपंच सहित अधीनस्थ कर्मचारी पहुंचे। सात दिन के भीतर रास्ते पर मुरम डलवाकर समस्या दूर करने का आश्वासन दिया गया था। आश्वासन के बावजूद अभी तक रास्ते की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कलेक्टर से रास्ते को पूर्व स्थिति में बहाल कराने की मांग की।

लाठी-डंडों से हमले के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। 14 सितंबर को अपने बुजुर्ग पिता और पत्नी पर हुए हमले के मामले में सिरोंज के ग्राम मजीदपुर निवासी राकेश कुशवाह ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। राकेश ने एसपी को संशोधित आवेदन देकर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, संबंधित पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच कराने और परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। आवेदन में राकेश ने ग्राम मजीदपुर निवासी कृष्णमोहन यादव, कान्हा यादव, बृजेश यादव और वीरन यादव पर एकमत होकर लाठी-डंडों एवं धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप लगाया है। उसके अनुसार हमले में वह, उसके पिता गणेशराम कुशवाह और पत्नी घायल हुए।

सापन नदी में 50 घंटे बाद मिला युवक का शव

दो दिन से जारी थी तलाश, एक दिन पहले परिजनों और ग्रामीणों ने किया था चक्काजाम

- पुल के नीचे फंसा हुआ मिला युवक का शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

सापन नदी में रविवार दोपहर डूबे 27 वर्षीय गिरवर अहिरवार का शव करीब 50 घंटे बाद मंगलवार को पुल के नीचे काफी मशक्कत के बाद निकाल लिया गया।

युवक के नदी में डूबने की सूचना के बाद से पुलिस, स्थानीय रेस्क्यू टीम सहित भोपाल से आई टीम और ग्रामीण लगातार उसकी तलाश में जुटे थे। जानकारी के अनुसार गिरवर अहिरवार रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सापन नदी के पुल पर पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह नदी में पुल पर से कूद गया, जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और नदी में तलाश शुरू की गई। रातभर तलाश के बावजूद सफलता नहीं मिली सुबह नदी में व्यापक स्तर पर खोज अभियान चलाया जिसमें अनुभवी गोताखोरों की टीम के द्वारा सफलता पाई गई। लगातार करीब 50 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद मंगलवार को शाम 5:30 बजे रेस्क्यू टीम को युवक का शव नदी में मिला। शव मिलने की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली, मौके पर मौजूद लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस अवसर पर एसडीओपी पुलिस, एसडीएम, तहसीलदार, नगर निरीक्षक शमशाबाद सहित नगर परिषद शमशाबाद की टीम का विशेष सहयोग रहा।



विदिशा। गोताखोरों की टीमों ने दो दिन तक चलाया सर्च ऑपरेशन।

शहर के मैरिज गार्डनों में सड़क पर नहीं, परिसर में होगी पार्किंग

त्योहारों में बाजारों में वन-वे और अस्थाई पार्किंग की तैयारी, बेतरतीब वाहन खड़े करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में एसपी रोहित काशवानी सहित अधिकारियों और समिति सदस्यों ने यातायात सुधार के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

कलेक्टर ने प्रमुख सड़कों पर मटेरियल सप्लायर के वाहनों को अनावश्यक रूप से खड़ा नहीं करने के निर्देश दिए। शहर के बीच संचालित मैरिज गार्डनों में पार्किंग की व्यवस्था परिसर के अंदर ही कराने को कहा। नियमों का पालन नहीं करने वाले संचालकों पर कार्रवाई और जरूरत पड़ने पर ऐसे मैरिज गार्डनों को शहर से बाहर स्थानांतरित कराने की कार्रवाई के निर्देश दिए। आगामी त्योहारों को देखते हुए बाजार क्षेत्रों में व्यापारियों से संवाद कर जरूरत के अनुसार वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध और वन-वे व्यवस्था लागू करने के निर्देश एसडीएम को दिए गए। नागरिकों की सुविधा के लिए अस्थाई पार्किंग स्थल भी बनाए जाएंगे। एसपी श्री काशवानी ने यातायात प्रभारी को सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़े करने वालों पर कार्रवाई और लोगों को व्यवस्थित पार्किंग के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में सड़कों के मरम्मत कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश भी दिए गए।



बांस में बांधा हसिया और फंदे को कुंदे में अटकाया, फिर गले में बांधकर झूल गई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मिर्जापुर निवासी एक 14 वर्षीय किशोरी ने सोमवार शाम पंखे के हुक से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। लंबाई कम होने के कारण उसने पहले हंसिये को फंदे में बांधा फिर बांस की मदद से उसे हुक में अटकाया।

घटना के समय किशोरी के पिता दूसरे कमरे में सो रहे थे। किशोरी का पड़ोस में रहने वाले नाबालिग से प्रेम प्रसंग था और वह अक्सर उसके घर जाती थी। सोमवार को पिता ने उसे डांटकर घर जाने से मना किया और सोने चले गए।

किशोरी की दादी जब घर के अंदर आईं तो उन्होंने पोती को फंदे पर लटका देखा और शोर मचाया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक जनवरी में दोनों नाबालिग साथ में भाग गए थे। पुलिस उन्हे करीब ढाई माह बाद पुणे से खोजकर वापस लाई थी।

तीन चार साल पहले किशोरी की मां भी घर छोड़कर जा चुकी है।

आवास योजना का लाभ मिला पर 37 परिवारों को अब तक नहीं मिला पट्टा

आजादनगर फतेहपुर के सहरिया परिवारों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बासौदा विकासखंड की ग्राम पंचायत भाटनी के आजादनगर फतेहपुर में रहने वाले सहरिया समाज के 37 परिवारों ने आवासीय जमीन का पट्टा और मालिकाना हक दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि वे वर्ष 2000 से गांव में निवास कर रहे हैं।

कई परिवारों को आवास योजना का लाभ मिल चुका है, लेकिन जमीन का अधिकार अब तक नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुछ परिवारों को पहले पट्टे मिल चुके हैं, जबकि 37 परिवार वंचित हैं। तहसीलदार के समक्ष आवेदन करने पर उन्हें बताया गया कि जिस भूमि पर वे रह रहे हैं, वह चरनोई भूमि है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से भूमि का नियमानुसार परीक्षण कराकर, संभव होने पर आवासीय उपयोग के लिए दर्ज करने तथा पट्टा देने की मांग की है। आवेदन देने वालों में राम सिंह, हेमराज, उर्मिला, देवेंद्र, गुट्टी बाई, दीपक, रघुवीर, संगीता बाई सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।



ढोल-नगाड़ों, बैंड और पारंपरिक वरेधी नृत्य के साथ निकला चल समारोह

वात्सल्य ने किया बप्पा को विदा, जयघोष से गूंजा विदिशा

चल समारोह का प्रमुख आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक वरेधी नृत्य रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

वात्सल्य विद्यालय में आयोजित गणपति उत्सव का समापन मंगलवार को डोल ग्यारस के अवसर पर भव्य चल समारोह के साथ हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने ढोल-नगाड़ों, बैंड की मधुर धुनों और गणपति बप्पा के जयघोष के बीच भगवान गणेश को भावपूर्ण विदाई दी। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

चल समारोह का प्रमुख आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक वरेधी नृत्य रहा। रंग-बिरंगी वेशभूषा में कलाकारों की लयबद्ध प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं विद्यालय के विशेष म्यूजिक ट्रॉला पर बज रहे गणपति भक्ति गीतों एवं देशभक्ति धुनों ने माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया। बैंड दल की जोशीली धुनों पर छात्र और शिक्षक अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहे। समारोह हरिपुरा से प्रारंभ होकर रामद्वारा, ओवरब्रिज, नीमताल चौराहा, स्टेशन रोड, माधवगंज, तिलकचौक, डंडापुरा और स्वामी विवेकानंद चौराह होते हुए जानकी कुंड पहुंचा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर धर्मप्रेमी नागरिकों ने भगवान गणपति की आरती कर चल समारोह का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। उत्सव के सफल आयोजन पर विद्यालय की संचालक देवना अरोरा, नम्रता अरोरा, प्रतीक कोहली, रुचिरा अरोरा एवं प्राचार्य संजय शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं, पालकों, शिक्षकों, पत्रकारों, मीडिया फोटोग्राफरों और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



विदिशा। वात्सल्य स्कूल में विराजित गणेश प्रतिमा को ले जाते हुए।

बासौदा मंडी भाव

मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7300
मूंग
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-6950
गेंहू
न्यूनतम भाव-2483
उच्चतम भाव-5080
बटरी
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3200
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5900
धान
न्यूनतम भाव-2815
उच्चतम भाव-4070
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7810
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3455
चना
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-6570
तुअर
न्यूनतम भाव-6660
उच्चतम भाव-6660
सरसों
न्यूनतम भाव-6600
उच्चतम भाव-7601
धनिया
न्यूनतम भाव-12300
उच्चतम भाव-12300

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 3320.9 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

मंगलवार की शाम हुई बारिश

गंजबासौदा। गत दिवस की तरह मंगलवार की शाम को भी आसमान पर गहरे बादल छा गए, लेकिन उनसे सिर्फ नगर में बौछारें पडीं। जबकि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बादल बिना बरसे ही तेज हवाओं के कारण चले गए। उधर अब किसान बारिश थमने की कामना कर रहे हैं।

डोल ग्यारस पर विमान में सवार होकर जलविहार को निकले भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



डोल ग्यारस के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह और भक्ति का माहौल रहा। इस अवसर पर जहां गांव गांव में आकर्षक डोलों यानि विमान में भगवान को विराजमान कर उन्हें जल विहार के लिए ले जाया गया, वहीं नगर में सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वावधान में परंपरानुसार डोलों का चल समारोह निकाला गया। जिसके बाद मानस भवन परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि डोल ग्यारस के अवसर पर प्रतिवर्ष सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वावधान में नगर भर में बनाए जाने वाले डोलों को गांधी चौक रामजानकी मंदिर परिसर में एकत्रित किया जाता है। जहां से डोलों का चल समारोह निकलता है। इस वर्ष भी गांधी चौक पर नगर के विभिन्न स्थानों से आकर्षक रूप से बने हुए और भव्य विद्युत साज सज्जा वाले डोले आए। सामूहिक रूप से इन डोलों और उनमें विराजमान भगवानों की पूजन अर्चन की गई। जिसके बाद शाम को डोलों का भव्य और मनोहारी चल समारोह निकाला गया। यह चल समारोह गांधी चौक, सावरकर चौक, हनुमान चौक होते हुए मानस भवन पहुंचा। जहां विधिवत भगवान को जल विहार कराते हुए चल समारोह का समापन किया गया। जिसके बाद मानस भवन परिसर में भजन गायक लखन शर्मा एवं डॉ अमृता करूणेश्वरी के भजनों के साथ भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह भजन संध्या देर रात तक चलती रही और इस दौरान श्रद्धालु भक्ति की धुन में लीन रहे। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी कांतिभाई शाह, पं केशव शास्त्री, मनोज अग्रवाल, राजेश माथुर सहित बडी संख्या में समिति सदस्य और श्रद्धालु मौजूद रहे। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान को आकर्षक विमानों में सवार कर उन्हें गांव भ्रमण कराया और जलविहार कराते हुए भगवान से मंगल कामना की। इसके बाद भजन कीर्तन एवं प्रसादी वितरण भी किया गया।

विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति-दुर्गावाहिनी का 62वां स्थापना दिवस सम्पन्न

मातृशक्ति के जागरण से ही सशक्त बनेगा हिन्दू समाज: सुरेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





विश्व हिन्दू परिषद के 62 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मातृशक्ति-दुर्गावाहिनी द्वारा मंगलवार को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन अशोक भवन, विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यालय बालाजी नगर में उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज की मजबूती और संस्कारों की रक्षा में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने धर्मान्तरण, लव जिहाद, परिवार विघटन एवं विभिन्न सामाजिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए महिलाओं से जागरूक एवं सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग मंत्री विक्रम सिंह रघुवंशी ने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण एवं नागरिक कर्तव्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

उन्होंने इन मूल्यों को प्रत्येक परिवार के आचरण का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मातृशक्ति-दुर्गावाहिनी विभाग संयोजिका ज्योति वर्मा ने की। उन्होंने महिलाओं से संगठन से जुड़कर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री मुकेश महेश्वरी, विभाग सहमंत्री चंद्रभान सिंह बघेल, जिला अध्यक्ष मुकेश सेन, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली मनोज यादव, रीतादेवी भावसार, मधुलिका अग्रवाल, नीलम रघुवंशी सहित जिले के अनेक पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति-दुर्गावाहिनी की माता-बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में समाज एवं राष्ट्र सेवा के प्रति संकल्प व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम्, भारत माता की आरती एवं जय श्रीराम के उद्घोष के साथ हुआ।

संकुल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत थीम पर उत्कृष्ट विद्यालय में संकुल स्तरीय राष्ट्रव्यापी चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, देवेंद्र प्रजापति उपस्थित थे। निर्णायक के रूप में सुधीर श्रीवास्तव,वरिष्ठ चित्रकार चंद्रम जायसवाल उपस्थित थे। अतिथियों तथा संस्था प्राचार्य प्रदीप चौरसिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात संकुल केंद्र की विभिन्न शालाओं से आए छात्र छात्राओं द्वारा विकसित भारत आधारित तैयार चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। आयोजन की दोनों ही विधाओं के प्रथम 3 स्थान प्राप्त प्रतिभागियों की सहभागिता विकासखंड स्तरीय आयोजन में होगी। कार्यक्रम का संचालन दिनेश ओझा ने किया। इस अवसर पर शिल्पांजना शर्मा, भारती पंथी, भावना अग्रवाल, नीतू शर्मा, स्वतंत्र जैन, प्रदीप पाराशर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

यूजीसी नियमावली के विरोध में एकजुट हुआ सर्व समाज




गंजबासौदा। यूजीसी की नवीन नियमावली को लेकर मंगलवार को विश्रामगृह में सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समाजों के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान नई नियमावली के प्रावधानों तथा उनके संभावित सामाजिक प्रभावों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी की नई नियमावली से विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच सामाजिक आधार पर भेदभाव और दूरी बढ़ने की आशंका है। उनका कहना था कि युवा वर्ग अब तक एक साथ शिक्षा, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भाग लेता रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव सामाजिक सौहार्द के लिए उचित नहीं है। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने नई नियमावली का विरोध करने का निर्णय लिया। बैठक में इसके लिए आगामी दिनों में विरोध की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई। साथ ही जिन समाजों के प्रतिनिधि बैठक में शामिल नहीं हो सके, उनके प्रमुख पदाधिकारियों से व्यक्तिगत संपर्क कर बैठक में लिए गए निर्णयों और नियमावली के प्रावधानों की जानकारी देने का निर्णय लिया गया। इसके एक दिन पूर्व महाराणा प्रताप धर्मशाला में भी सर्व समाज के लोगों की बैठक आयोजित की गई थी। इसमें उपस्थित लोगों को यूजीसी की नई नियमावली के प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों और सामाजिक सौहार्द्र पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में नीतेश गोयल, मनोज यादव, सुनील यादव, ओमप्रकाश चौरसिया, प्रदीप खटवानी, सुरेश तनवानी, राम किशोर शर्मा, संतोष शर्मा, राज कुमार शुक्ला, विजय अरोरा, संदीप अरोरा, प्रवीण प्रताप सिंह जादौन, मुकेश सिंह राजपूत, प्रमोद सिंह राजपूत, धीरेंद्र सिकरवार, सौभाग्य सिंह, लोकेश सक्सेना, सुधीर उपाध्याय, महेश चतुर्वेदी, भूपेंद्र सिंह, कोमल सिंह मौजूद रहे।

त्रिमूर्ति दिगम्बर जैन मंदिर में हुए आयोजन



गंजबासौदा। जैन धर्म में पर्युषण पर्व का विशेष आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व है। जैन मंदिरों में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रही है, वहीं पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या और धार्मिक उत्साह विशेष रूप से बढ़ गया है। प्रातःकाल से ही श्रावक-श्राविकाएं अपने परिजनों के साथ निकटवर्ती जैन मंदिरों में पहुंचकर भगवान का अभिषेक एवं पूजन कर रहे हैं। श्रद्धालु विधि-विधान के साथ अभिषेक एवं पूजन कर दशलक्षण पर्व की आराधना कर रहे हैं। दोपहर 1 बजे से मंदिर परिसर में प्रतिदिन अलग-अलग जैन धर्मावलंबियों एवं परिवारों के सान्निध्य में विशेष पूजन एवं विधान का आयोजन किया जा रहा है। इसके पश्चात संध्याकाल में संगीतमय भजन संध्या एवं आरती आयोजित हुई। उधर पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर उत्तम तप धर्म दिवस के उपलक्ष्य में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पारसपुरम में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। प्रतिदिन मंदिर में भगवान जिनेंद्र देव का अभिषेक एवं शांतिधारा विधि-विधानपूर्वक संपन्न की जा रही है। वहीं सायंकालीन आरती के पश्चात मंदिर परिसर में संचालित जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। पर्युषण पर्व के प्रमुख कार्यक्रम भगवान महावीर विहार में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज की परम प्रभाविक शिष्या बाल ब्रह्मचारी सुनीता दीदी एवं बाल ब्रह्मचारी संगीता दीदी इंदौर व्रती श्राविका आश्रम के मंगल सानिध्य में हो रहे हैं। स्टेशन जैन मंदिर एवं भगवान महावीर विहार में प्रतिदिन मंगल पूजन दश धर्म पर देशना का लाभ मिल रहा है। शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में आचार्य विद्यावेली पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर नाटक का मंच हुआ बड़े ही उत्साह उमंग के साथ हुआ। समस्त जानकारी सकल जैन समाज गंजबासौदा के मंत्री सतीश जैन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी प्रतीक जैन गोकुल द्वारा बताई गई।

पारिवारिक विवाद में दुकानों में की बेल्डिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के बरेठ रोड स्थित मंशापूर्ण मंदिर वाली गली में एक मुस्लिम परिवार का पारिवारिक विवाद मंगलवार को सबके सामने आ गया। इस परिवार का मंशापूर्ण हनुमान मंदिर और सेन समाज मंदिर के बीच आधा दर्जन दुकानों का एक विशाल मार्केट है। परिवार में कथित विवाद और मनमुटाव के चलते कुछ लोगों ने बीती रात मार्केट में स्थित दुकानों के ताले तोड दिए और शटरों को बेल्डिंग कर स्थाई रूप से सील कर बंद कर दिया। साथ ही शटरों पर परिवार के विवाद से संबंधित टिप्पणियां भी लिखीं। जब सुबह इस मार्केट की दुकानों में अपना व्यवसाय करने वाले दुकानदार दुकान खोलने आए तो ताले टूटे एवं शटरों में बेल्डिंग देखकर हैरान रह गए। बाद में पारिवारिक विवाद की बात सामने आने पर दुकानदारों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राजस्व विभाग को सूचना दी। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई। सील की गई दुकानों में कोचिंग क्लास, मेडिकल स्टोर और क्लिनिक सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं। मुस्लिम समाज के इस पारिवारिक विवाद का असर अब आम लोगों और व्यापारियों के कामकाज पर भी पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने अब प्रशासन से मामले के जल्द समाधान की मांग की है।

चुनौतियों से लड़कर सकारात्मक सोच अपनाने का दिया संदेश

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में उमंग दिवस पर हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उमंग हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत उमंग दिवस का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर-किशोरियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, सकारात्मक सोच, जीवन कौशल, आत्मविश्वास एवं चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करना रहा। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों की उपस्थिति में उमंग एंथम का सामूहिक गायन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप चौरसिया द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय वेदिया, उपनिरीक्षक राधे श्याम यादव, ओम प्रकाश चौरसिया, संजीव शर्मा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन दिनेश ओझा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा उमंग साथियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सशक्तिकरण एवं जीवन कौशल से जुड़ी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में नाट्य प्रस्तुतियों एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किशोरावस्था में आने वाली चुनौतियों, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, सुरक्षा एवं जीवन कौशल से संबंधित संदेश विद्यार्थियों तक पहुंचाया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को चुनौतियों से घबराने की जगह उनका सामना सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ करने तथा अपने जीवन में उपलब्ध अवसरों एवं शासकीय सहायता प्रणालियों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम उपरांत समस्त प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में उमंग शपथ का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने एकजुट होकर सकारात्मक सोच, आपसी सम्मान, समानता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति संकल्प लिया। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ उमंग दिवस कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के दिनेश ओझा, शिल्पांजना शर्मा, भावना अग्रवाल, नीतू शर्मा, प्रीति सक्सेना, योगेश चौरसिया, मिथुन प्रजापति, लख्मीचंद साहू, प्रदीप पाराशर, सोनाली शर्मा, सोनल सिंह, मनीषा कुशवाहा, सरिता भावसार, शिव राजपूत सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता ने पूरे आयोजन को उत्साहपूर्ण एवं प्रभावी बना दिया।

धरने को लेकर संयुक्त मोर्चा की बैठक संपन्न



गंजबासौदा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संयोजक राकेश दुबे, जगदीश यादव, परमानंद डेहरिया, मनोहर दुबे, उपेन्द्र कौशल, राकेश नायक, डीके सिंगोर, राकेश पटेल की विशेष उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे 27 सितम्बर से अनिश्चित कालीन धरना मांगे पूरी होने तक करने का निर्णय लिया गया। जिसमे TET परिक्षा निरस्त हो, सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से हो एवं ई अंटेडेंस प्रमुख रूप से शामिल रहेंगी। अनिश्चित कालीन धरना संभाग बार भोपाल मे प्रारंभ होगा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि 27 सितम्बर को भोपाल, नर्मदापुरम इसके बाद सभी संभागों में धरना दिया जाऐगा। आठवे दिन पुनः चक्रानुक्रम मे प्रारम्भ होगा। जिसमे 5 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर विशेष कार्यक्रम होगा। धरना मांगे पूरी होने तक अनवरत जारी रहेगा, 2 अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर प्रदेश के सभी शिक्षक मांगो के समर्थन में उपवास रखेंगे, साथ ही मोर्चा के केजी राय ने बताया कि दिनांक 22 से 26 सितम्बर तक प्रतिदिन अलग अलग शिक्षामंत्री, मुख्यमत्री, राज्यपाल, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति को मांगो के संदर्भ मे ईमेल भेजना है। इस दौरान अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

मेरे सपनों का भारत पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यावैली विद्यालय में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और कल्पनाओं के जरिए अपने सपनों के भारत की तस्वीर कागज पर उकेरी। किसी चित्र में स्वच्छ और विकसित भारत का संदेश दिखाई दिया तो किसी ने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण और राष्ट्रप्रेम को प्रमुखता दी। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक चित्र बनाए। निर्णायकों ने चित्रों में विषय की प्रस्तुति, कल्पनाशीलता और संदेश के आधार पर श्रेष्ठ कृतियों का चयन किया गया। जिसमें सिमरन अहिरवार कक्षा 10 ने संकुल स्तर पर सेकेंड स्थान प्राप्त किया जबकि प्रशांत रघुवंशी कक्षा 11 ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अब यह दोनों बच्चे 23 सितम्बर को सीएम राइज राजेन्द्रनगर में अपनी पेंटिंग प्रदर्शित करेंगें। इनमें से तीन श्रेष्ठ पेंटिंग को संकुल स्तर की प्रतियोगिता के लिए भेजा गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रणय जैन, सतेन्द्र सिंह राजपूत, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने चयनित विद्यार्थियों को आगामी संकुल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

सिरोंज के ग्रामीण क्षेत्र भौरिया के रहने वाले सात्विक शर्मा ने टीवी सीरियल, वेब सीरीज और फिल्मों में किया अभिनय

कम उम्र में सात्विक ने बनाई फिल्मी दुनिया में पहचान

चार साल की उम्र से कर रहे हैं कैमरे का सामना


राजीव जैन सैनानी ⏭सिरोंज

प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। यदि लगन, मेहनत और परिवार का सहयोग मिले तो छोटी उम्र में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। इसका उदाहरण सिरोंज क्षेत्र के ग्रामीण भौरिया निवासी आठ वर्षीय बाल कलाकार सात्विक शर्मा हैं, जिन्होंने बेहद कम उम्र में ही मनोरंजन जगत में अपनी अलग पहचान बनानी शुरू कर दी है। सात्विक पिछले करीब चार वर्षों से अभिनय के क्षेत्र में सक्रिय हैं और अब तक कई चर्चित टीवी सीरियल, वेब सीरीज तथा फिल्मों में काम कर चुके हैं। उनकी उम्र भले ही महज आठ वर्ष है, लेकिन कैमरे के सामने अभिनय करने का अनुभव उन्हें कम उम्र में ही हासिल हो गया है। सात्विक शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवध शर्मा के भाई अभिषेक शर्मा के पुत्र हैं। उनका जन्म गंजबासौदा में हुआ और वर्तमान में वे भोपाल में रहकर अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अभिनय का सफर भी जारी रखे हुए हैं। वे भोपाल के सेंट जोसेफ स्कूल में अध्ययनरत हैं। पढ़ाई और अभिनय दोनों के बीच संतुलन बनाते हुए सात्विक लगातार नए प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं।

चार वर्ष की उम्र में शुरू हुआ अभिनय का सफर

सात्विक ने महज चार वर्ष की उम्र में कैमरे का सामना करना शुरू कर दिया था। इतनी कम उम्र में अभिनय की शुरुआत करना उनके लिए एक अलग अनुभव रहा, लेकिन परिवार के सहयोग और स्वयं की रुचि के चलते उन्होंने धीरे-धीरे इस क्षेत्र में अपनी जगह बनानी शुरू कर दी। शुरुआती दौर में छोटे-छोटे किरदारों से शुरुआत करने वाले सात्विक आज टीवी सीरियल, वेब सीरीज, फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स तक में काम कर चुके हैं। सात्विक की अभिनय यात्रा में पंचायत 3, ड्राई डे, 'मां मुरादे' जैसी वेब सीरीज का नाम बताया जाता है। इसके अलावा वे लोकप्रिय टेलीविजन कार्यक्रम तारक मेहता का उल्टा चश्मा और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे धारावाहिकों में भी नजर आ चुके हैं। फिल्मों की बात करें तो उन्होंने आशिक 3 और हनुमान अंश सहित अन्य प्रोजेक्ट्स में भी काम किया है।





कई लोकप्रिय धारावाहिकों में निभा चुके हैं भूमिका

सात्विक शर्मा ने टीवी की दुनिया में भी लगातार काम किया है। वे 'लेकर हम दीवाना दिल, उड़ने की आशा, रब से है दुआ, जागृति और हस्तिनापुर के वीर जैसे धारावाहिकों में अभिनय कर चुके हैं। इसके अलावा 'पारो संग देव' सीरियल में उन्होंने करीब एक वर्ष तक निरंतरता के साथ काम किया। ओटीटी के क्षेत्र में भी सात्विक अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं और मंगल देव जैसे प्रोजेक्ट का हिस्सा रहे हैं। सात्विक के परिवार के अनुसार, उन्होंने अब तक कई अन्य सीरियल, वेब सीरीज और वर्टिकल वीडियो प्रोजेक्ट्स में भी काम किया है।

पढ़ाई के साथ अभिनय पर भी ध्यान

आठ वर्ष की उम्र में जहां अधिकांश बच्चे खेलकूद और पढ़ाई में व्यस्त रहते हैं, वहीं सात्विक स्कूल की पढ़ाई के साथ शूटिंग के अनुभव भी हासिल कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान लंबे समय तक कैमरे के सामने रहना, संवाद बोलना, निर्देशकों के निर्देश समझना और अलग-अलग किरदारों को निभाना उनके लिए अभिनय की व्यावहारिक पाठशाला बन गया है। खास बात यह है कि अभिनय के साथ उनकी पढ़ाई भी जारी है और वे स्कूल की शिक्षा को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। सात्विक की उपलब्धि इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि वे सिरोंज क्षेत्र के ग्रामीण परिवेश से निकलकर मुंबई और अन्य स्थानों पर होने वाले फिल्म और टेलीविजन प्रोजेक्ट्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

परिवार को बेटे की उपलब्धि पर गर्व

सात्विक के पिता अभिषेक शर्मा, चाचा अवध शर्मा और परिवार के अन्य सदस्यों के लिए यह गौरव की बात है कि उनका बेटा इतनी छोटी उम्र में मनोरंजन जगत में लगातार काम कर रहा है। परिवार का प्रयास है कि सात्विक अभिनय के साथ अपनी पढ़ाई भी पूरी गंभीरता से जारी रखें। परिवार के सहयोग और सात्विक की मेहनत के चलते उन्हें लगातार नए प्रोजेक्ट्स में काम करने के अवसर मिल रहे हैं। सात्विक शर्मा का अब तक का सफर बताता है कि उम्र छोटी होने के बावजूद यदि बच्चे में प्रतिभा, आत्मविश्वास और मेहनत हो तो वह बड़े मंच पर भी अपनी पहचान बना सकता है। चार वर्ष की उम्र में शुरू हुआ उनका अभिनय सफर आठ वर्ष की उम्र तक कई फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी धारावाहिकों तक पहुंच चुका है। सिरोंज क्षेत्र से जुड़े इस बाल कलाकार की उपलब्धि से क्षेत्र के लोगों में भी उत्साह है और स्थानीय स्तर पर उनकी प्रतिभा को लेकर चर्चा हो रही है। आने वाले समय में सात्विक अभिनय के क्षेत्र में किस मुकाम तक पहुंचते हैं, यह भविष्य बताएगा, लेकिन अभी तक का उनका सफर निश्चित रूप से कम उम्र में निरंतर प्रयास और प्रतिभा का उल्लेखनीय उदाहरण है।

विदिशा में आयोजित हुआ स्काउट-गाइड कैंप

द्वितीय सोपान कैंप में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

निर्मला कॉन्वेंट स्कूल सिरोंज के विद्यार्थियों ने स्काउट-गाइड के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विदिशा में आयोजित द्वितीय सोपान कैंप में सहभागिता की। 18 से 22 सितंबर तक आयोजित इस कैंप में विद्यालय के 16 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन किया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड से संबंधित विभिन्न गतिविधियों, अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता एवं सेवा कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों ने कैंप में पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों की इस सहभागिता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने कैंप में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्काउट-गाइड शिक्षक रफत उल्लाह उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कैंप की विभिन्न गतिविधियों में उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व और समाजसेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।


राहुल गांधी से हवाई सफर में हुई लंबी चर्चा

पीपी नायक बोले- अब भी लगता है सपने में अपने नेता से बात कर रहा हूं

सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्र सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई

सिरोंज। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा प्रत्यार्शी के दावेदार पीपी नायक की इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात और लंबी चर्चा हुई। कार्यक्रम के बाद दिल्ली रवाना होते समय जिस हवाई वाहन से राहुल गांधी यात्रा कर रहे थे, उसी में पीपी नायक भी सफर कर रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्र सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

पीपी नायक ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था कि देश के इतने बड़े नेता और उनके नेता राहुल गांधी एक छोटे से कार्यकर्ता के साथ इतने सहज, सरल और आत्मीय भाव से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से इतनी



लंबी मुलाकात के बाद भी उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है कि जैसे वह सपने में अपने नेता से बातचीत कर रहे हों। उन्होंने बताया कि हवाई सफर के दौरान जब वे राहुल गांधी से बातचीत कर रहे थे, तभी उन्हें यह कहते हुए रोका गया कि वे वीआईपी यात्री से अधिक बातचीत नहीं कर सकते। इस पर राहुल गांधी ने सहजता से कहा कि "इन्हें मुझसे बात करने दो।" राहुल गांधी के इस व्यवहार ने पीपी नायक को प्रभावित किया।

उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बेहद भावुक और यादगार क्षण था। चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने पीपी नायक से सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्र की राजनीतिक, सामाजिक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों को समझने में रुचि दिखाई और आवश्यक दस्तावेज भी मांगे। पीपी नायक ने बताया कि राहुल गांधी ने क्षेत्र की समस्याओं, कांग्रेस संगठन की स्थिति तथा स्थानीय मुद्दों को लेकर भी जानकारी प्राप्त की।

नयापुरा में हर्षोल्लास से मनाया एफएलएन मेला एवं उमंग हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम

सिरोंज। संकुल केंद्र शासकीय हाई स्कूल नयापुरा में एफएलएन मेला एवं उमंग हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिरोंज ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रतीक कुमार मेहरा ने माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ किया। इस अवसर पर मेहरा ने विद्यार्थियों को टीम वर्क, लीडरशिप एवं जीवन कौशल के महत्व की जानकारी दी तथा उमंग किशोर हेल्पलाइन के संबंध में जागरूक किया। विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को खुलकर साझा करने के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम में जीवन कौशल, किशोरावस्था में बदलाव, पोषण, पोक्सो एक्ट जोश-टॉक, वित्तीय प्रबंधन एवं ड्रीम्स कैचर सहित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। एफएलएन मेले के माध्यम से विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान, जबकि उमंग कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य उमेश कुमार सोनी ने की। इस अवसर पर धीरज सिंह, दिनेश विश्वकर्मा, लक्ष्मी यादव, हर्षमाला शर्मा, पुष्पा कोली, दीपिका माथुर, सुनीता मीना, अर्चना शुक्ला, शाहाना रशीद सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

भगवान विमान पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले

ग्यारसपुर। नगर में दशकों से चली आ रही धार्मिक परंपरा के तहत डोल ग्यारस पर भगवान श्री बांके बिहारी एवं राधा रानी विमान में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। बांके बिहारी मंदिर से निकली भगवान की शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर में भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला। भगवान के स्वागत के लिए श्रद्धालुओं ने अपने घरों के दरवाजों पर आकर्षक चौक सजाए, कलश स्थापित किए तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। भक्तजन भगवान के विमान को अपने कंधों पर रखकर नंगे पैर नगर की गलियों में आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा के दौरान भगवान ने बस स्टैंड पर विश्राम किया। इसके बाद विमान वन विभाग परिसर स्थित माता शांगम्बरी मंदिर पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात श्रद्धालु भगवान को अपने-अपने घरों में ले जाकर विराजमान कराते हैं और पूजा-अर्चना के बाद भगवान पुन: अपने मंदिर में विराजमान होते हैं। भगवान के दर्शन के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने भगवान को प्रसाद अर्पित कर भोग लगाया।

36 रचनाकारों ने किया रचना पाठ, साहित्यिक एवं कला सम्मानों से विभूषित हुए प्रतिभावान व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

साहित्यकारों के साझा मंच 'साहित्य की बात' (साकीबा) का वार्षिक कार्यक्रम स्थित होटल तारा श्री के सभागार में संपन्न हुआ। आयोजन में विभिन्न प्रदेशों से आए लगभग 30 साहित्यकारों ने सहभागिता की। सात सत्रों में 36 कवियों एवं लेखकों ने कविता, कहानी, गीत, ग़ज़ल एवं अन्य विधाओं में रचना पाठ किया।



कार्यक्रम में राजेंद्र श्रीवास्तव के गीत-संग्रह नदिया ठिठक गई, डॉ. पद्मा शर्मा की पुस्तक व्यक्तित्व और कृतित्व, मिथिलेश राय एवं गोपी नवीन शुक्ल के कविता-संग्रहों सहित अन्य पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। समारोह में घनश्याम मुरारी पुष्प सम्मान कवि निरंजन श्रोत्रिय, द्वारका प्रसाद सक्सेना कला सम्मान चित्रकार कालूराम राव तथा लज्जाराम शर्मा वाक्ऋषि सम्मान युवा कथाकार कुणाल सिंह को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में गोपी नवीन शुक्ल, मिथिलेश राय, प्रीति राजे, डॉ. कमला नरवरिया, अंजना मनोज गर्ग, अनुराग भरत, अनुकृति श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अभिषेक, सुदिन श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा वशिष्ठ, मदन जरिया, प्रमोद चौहान, प्रज्ञा रावत, अस्मुरारी नंदन मिश्र, प्रो. वनिता वाजपेयी, हर गोविंद पुरी, आनंद सौरभ उपाध्याय, रश्मि वैभव गर्ग, अभिषेक राजपूत, अर्चना नायडू एवं डॉ. लोकेश तिवारी सहित अनेक रचनाकारों ने सहभागिता की। विभिन्न सत्रों का संचालन सुदिन श्रीवास्तव, डॉ. मौसमी परिहार, डॉ. वनिता वाजपेयी, अस्मुरारी नंदन मिश्र, ब्रज श्रीवास्तव एवं अनुकृति ने किया। सम्मान समारोह में निरंजन श्रोत्रिय ने कहा कि साकीबा जैसे अनुशासित, सृजनरत एवं आत्मीय समूहों की आज के दौर में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पुष्प सम्मान ग्रहण करते हुए उन्हें संतोष है कि यह सम्मान कवि को समर्पित है। कुणाल सिंह ने सम्मानित किए जाने पर गौरव व्यक्त किया, जबकि कालूराम राव ने इसे सुखद आश्चर्य बताया।

इस अवसर पर कथाकार मुकेश वर्मा, कवि एवं पत्रकार सुधीर सक्सेना, साकीबा के अध्यक्ष ब्रज श्रीवास्तव, संयोजक डॉ. पद्मा शर्मा, राकेश सक्सेना, सुनील जैन, कमोद सिंह, संतोष नामदेव, सुमन श्रीवास्तव, तृप्ति श्रीवास्तव, विवेक, अभिलाष श्रीवास्तव, गोविंद देवलिया एवं प्रवीण शर्मा सहित अनेक साहित्यकार एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

भेद-विज्ञान संसार रोग की सबसे बड़ी दवा, आत्मा-शरीर का अंतर समझना जरूरी

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में चल रहे दसलक्षण धर्म विधान एवं पर्युषण पर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म मनाया गया। मुंबई से पधारे पं. संयम शास्त्री ने समयसार नाटक ग्रंथ के स्वाध्याय में भेद-विज्ञान का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि भेद-विज्ञान के बिना किए गए तप, उपवास और स्वाध्याय भी निष्फल हैं। आत्मा और शरीर को अलग-अलग समझना ही भेद-विज्ञान है। उन्होंने श्रद्धालुओं से विचार करने का आह्वान किया कि मैं कौन हूं, कहां से आया हूं और मेरा वास्तविक स्वरूप क्या है। सायंकालीन प्रवचन में उन्होंने कहा कि उत्तम तप आत्मा की शुद्धि और कर्मों की निर्जरा का मार्ग है। बाहरी तप में उपवास, कम भोजन व स्वाद त्याग तथा आंतरिक तप में विनम्रता, आत्मस्वीकृति, सेवा, स्वाध्याय और ध्यान शामिल हैं। वीतराग विज्ञान पाठशाला के बच्चों ने गोपालदास जी बरैया के जीवन पर सुंदर धार्मिक नाटक प्रस्तुत किया। रात में 'जीवन यात्रा संसार से मोक्षमार्ग तक' लघु नृत्य नाटिका होगी। ट्रस्ट अध्यक्ष मलुकचंद जैन ने धर्मलाभ लेने की अपील की।

अनजान लिंक, कॉल से रहें सावधान, छात्राओं को साइबर ठगी से बचाव के तरीके बताए गए

पीएम श्री कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में उमंग दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

पीएम श्री कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में उमंग दिवस के अवसर पर छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नगर निरीक्षक आशुतोष सिंह, एसआई पिंकी सिंह एवं डॉ. गिरीश साहू ने छात्राओं से संवाद कर साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी सहित विभिन्न सामाजिक विषयों पर जानकारी दी। अधिकारियों ने छात्राओं को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, संदिग्ध कॉल से सतर्क रहने और अपनी निजी



जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने की समझाइश दी। साथ ही साइबर अपराध होने पर तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रभारी सुमन साहू, दीपक मेश्राम, प्रकाश झा, राजू नामदेव, मुकेश धाकड़, अनुज कुशवाह सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

नम आंखों से गणपति बप्पा को दी विदाई, अगले बरस जल्दी आने की कामना

विदिशा। ओलंपस हाई एवं लिटिल ओलंपियंस विद्यालय में गणेश चतुर्थी से डोल ग्यारस तक मनाए गए गणेशोत्सव का भावपूर्ण समापन हुआ। अंतिम दिन विद्यालय परिवार ने भगवान गणेश की भव्य आरती कर नम आंखों से बप्पा को विदाई दी। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयघोष लगाए। गणेशोत्सव के



दौरान विद्यालय परिसर में नियमित पूजा-अर्चना, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया। विद्यालय संचालक मोहित रघुवंशी ने कहा कि गणेशोत्सव आस्था के साथ एकता, सेवा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देता है। समापन अवसर पर विधि-विधान से गणेश प्रतिमा का ऋद्धि-सिद्धि के साथ बेतवा मैया में विसर्जन किया गया। इस दौरान माहौल भक्तिमय और भावुक रहा।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोविन्द वैष्णव एंव श्रीमति सुनिता निवासी-वार्ड नं. 14 राहुल नगर तहसील व जिला रायसेन के स्वामित्व व आधिपत्य का एक आवासीय मकान नं 01 वार्ड नं. 14 राहुल नगर [पाटनदेव] तहसील व जिला रायसेन में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 920 वर्गफिट यानि 85.50 वर्गमीटर है। एवं जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में अवध पटेल का मकान, पश्चिम में भारत सिहं राजपूत का मकान, उत्तर में :- रास्ता एवं दक्षिण में: दिलीप सिहं बघेल का मकान है। दिनांक 22/09/2026 ई रजि. नं MP45IGR 18092026A101132683 के द्वारा सह स्वामित्व विलेख किया गया है एवं उक्त आवासीय प्लाट को श्री गोविन्द वैष्णव एंव श्रीमति सुनिता इन्डियन सेल्टर फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधक रखकर लोन ले रहे है। जिसके संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था, सोसायटी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय किसी प्रकार की स्वामित्व, अधिकार, कर्ज या अन्य अदायगी या आपत्ति हो तो वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात उक्त मकान मय प्लाट बंधक करने के लिए बैंक अग्रसर हो जावेगा। एवं ऐसी दशा में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्या नहीं होगी।

भवदीय **जीवन सिंह किरार अभिभाषक**
कार्यालय - मैन रोड रामद्वारा विदिशा म.प्र.
मो.न. 9300265996

झांकी में बनाई प्रेमानंद महाराज की कुटिया, गांव की संस्कृति को दिया स्वरूप

शमशाबाद। गणेश उत्सव को लेकर नगर में इन दिनों भक्तिमय माहौल बना हुआ है। दो दर्जन से अधिक स्थानों पर भगवान गणेश की आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं, जहां प्रतिदिन शाम को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। आकर्षक साज-सज्जा और रंग-बिरंगी लाइटिंग के कारण झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। सोनी मोहल्ला में गार्गी माहेश्वरी, कनक माहेश्वरी ने गणेश उत्सव के लिए गणेश जी की झांकी में गांव की संस्कृति को दर्शाया गया है। झांकी में कुआं, गांव के घर और छोटे मंदिर सहित ग्रामीण परिवेश को दर्शाया गया है। वहीं प्रेमानंद महाराज की कुटिया को भी आकर्षक रूप से तैयार किया गया है, जो श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित कर रही है।

मारपीट से लेकर पारिवारिक विवाद और साइबर शिकायतों तक पहुंचे आवेदन

40 से अधिक शिकायतें लेकर पहुंचे फरियादी, एसपी ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे। एसपी रोहित काशवानी ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनीं।

जनसुनवाई में 40 से अधिक आवेदन आए। जिन पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मारपीट, पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण, साइबर शिकायत सहित पुलिस संबंधी मामलों के आवेदन सामने आए। एसपी ने शिकायतकर्ताओं की बात सुनने के बाद संबंधित थाना एवं शाखा प्रभारियों से प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। जिन मामलों में तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता थी, उनमें मौके पर ही अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

संवेदनशील व्यवहार पर जोर

एसपी रोहित काशवानी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिकायतकर्ताओं के साथ सम्मानजनक एवं संवेदनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार पारदर्शी कार्रवाई होनी चाहिए तथा शिकायतकर्ता को कार्रवाई की स्थिति से अवगत कराया जाना चाहिए। जिससे वह पुलिस पर भरोसा करें।

आमजन और पुलिस के बीच संवाद का माध्यम

जनसुनवाई नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।



पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की सुरक्षा, सेवा और विश्वास पुलिस की प्राथमिकता है। शिकायतों का प्रभावी, निष्पक्ष और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के लिए विदिशा पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

जांच वाले मामलों में समय-सीमा तय करें

एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जांच से जुड़े मामलों में तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाए और निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन केवल दर्ज होकर लंबित न रहें, बल्कि प्रत्येक शिकायत पर हुई कार्रवाई की नियमित समीक्षा की जाए।

कार्यालय रघुवंशी समाज सहकारी समिति मर्यादित विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्र. 939 दिनांक 26.08.2014

// जाहिर सूचना //

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था में कार्यरत् प्रभारी प्रबंधक श्री तखत सिंह रघुवंशी एवं सहायक श्री चंदन सिंह रघुवंशी द्वारा शिकायतकर्ता सहकारिता विभाग के सेवा निवृत्त सहकारिता निरीक्षक श्री परमाल सिंह रघुवंशी द्वारा बार-बार शिकायत करने से परेशान होकर अपने पद एवं कार्य से त्यागपत्र दे दिया है और अन्य कोई सदस्य संस्था के प्रबंधन एवं कार्य संचालन में रूचि नहीं ले रहा है न ही प्रबंधन कार्य करने हेतु तैयार है। ऐसी स्थिति में संस्था का संचालन स्थगित करते हुए समस्त रिकार्ड संस्था कार्यालय की अलमारी में सील करके सुरक्षित रख दिया गया है। अतः किसी भी सदस्य द्वारा संस्था अथवा किसी व्यक्ति से संस्था के नाम पर कोई लेन-देन न किया जावे, यदि किसी को वितरित ऋण का भुगतान करना हो तो उपायुक्त कार्यालय सहकारिता बस स्टेण्ड विदिशा में प्रशासक से संपर्क कर सकता है (फोन-07592-232856)। यदि किसी भी सदस्य द्वारा संस्था के पूर्व कर्मचारी से अथवा किसी सदस्य से संस्था के पक्ष मे लेन देन किया जाता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

विदिशा
दिनांक : 22/08/2026

आदेशानुसार
के.सी. यादव
प्रशासक, रघुवंशी समाज सहकारी समिति मर्यादित विदिशा (म.प्र.)
मो : 9893440239

शहर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभायात्रा, अखाड़ों के पहलवानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

डोल ग्यारस पर निकले विमान, जल विहार के लिए मिश्र तालाब पहुंचे लड्डू गोपाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में मंगलवार को डोल ग्यारस का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। डोल ग्यारस पर शहर के विभिन्न मंदिरों से भगवान लड्डू गोपाल की प्रतिमा को सुसज्जित विमानों में विराजमान कर जल विहार के लिए शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान की पूजा-अर्चना और आरती की। शोभायात्रा में शामिल करीब नौ डोल विमान देर शाम प्राचीन मिश्र तालाब घाट पहुंचे, जहां भगवान को जल विहार कराया गया। देर शाम तक सभी डोल विमान वापस अपने-अपने मंदिरों में लौटे। श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया। शोभायात्रा के दौरान महिलाओं ने विमानों में विराजमान भगवान लड्डू गोपाल की पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने खिचड़ी भेंट कर यशोदा जी की गोद भरने की पारंपरिक रस्म निभाई। श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की।

मान्यता है कि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को जल झूलनी एकादशी, पद्मा एकादशी और डोल ग्यारस के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु करवट बदलते हैं, इसलिए इसे परिवर्तन एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन व्रत और पूजा करने का विशेष धार्मिक महत्व माना गया है।

भारत माता चौराहे पर हिउस ने किया स्वागत

श्री हिंदू उत्सव समिति रायसेन की ओर से भारत माता चौराहे पर स्वागत मंच बनाया गया। समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सभी डोल विमानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष रवि खत्री, राहुल परमार, बबलू ठाकुर, संजीव शर्मा, पतिराम प्रजापति, विजय सिंह राठौर, ब्रजेश चतुर्वेदी, अनिल चौरसिया, राजू राठौर, बंटी चक्रवर्ती, रूपेंद्र चक्रवर्ती, मनोज कुशवाह, शंकरलाल चक्रवर्ती, चंद्रकृष्ण रघुवंशी, मोहन चक्रवर्ती, बारेलाल सूर्यवंशी सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। भारत माता चौराहे पर श्रीराधा कृष्ण मंदिर यादव समाज की ओर से अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार यादव, बालाराम यादव, संतोष यादव पन्नी, राजेश राजू यादव सहित अन्य लोगों ने डोल विमानों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

अखाड़ों के पहलवानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

चल समारोह में जय बजरंग अखाड़ा गंजबाजार और शिव मंदिर प्रजापति समाज अखाड़े के पहलवानों ने बनेठी, तलवार, भाला, लाठी और कतरना के प्रदर्शन किए। पहलवानों के हैरतअंगेज करतब देखकर लोग दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर हो गए। नारी शक्ति ने भी तलवारबाजी का प्रदर्शन किया। वहीं सागर जिले से आई ढपला रमतुला पार्टी ने भी प्रस्तुति देकर माहौल में उत्साह भर दिया।

भगवान लड्डू गोपाल के जल विहार से पूर्व हुई बारिश से सड़कें हुई ठंडी



बरेली। मंगलवार को नगर के बुंदेलखंडी मोहल्ला में विभिन्न स्थानों से आए विमान सोनी जी के आंगन में एकत्रित हुए। विमान में सवार होकर भगवान लड्डू गोपाल नगर की सड़कों का भ्रमण कर नदी में जलविहार के लिए पहुंचे इससे पूर्व अचानक छाए बादलों के कारण बारिश शुरू हो गई बारिश से तपी और धूल भरी सड़क ठंडी हो गई। दशकों से नगर के बुंदेलखंडी मोहल्ला में मंदिरों एवं श्री कृष्णा के भक्तों के घरों से लड्डू गोपाल को विमान में बैठकर धूमधाम से चल समारोह निकालने की परंपरा है। छोटे-छोटे बच्चों को लेकर महिलाएं विमानो के नीचे से निकलती रही। स्थान स्थान पर विमानो को रोककर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान लड्डू गोपाल की विशेष पूजन कर प्रसादी में पंजीरी केला ककड़ी सेव फल, खिचड़ी इत्यादि की प्रसादी चढ़ाई गई। संपूर्ण नगर में शंख झालर बैंड बाजों के साथ हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जय कारे गूंजते रहे।

नदी में जल विहार-विमानो का चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए घोघरा नदी किनारे पहुंचा जहां आरती पूजन जयकारों के साथ भगवान लड्डू गोपाल का जलविहार कराने श्रद्धालु हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी हिंदू संगठनों के लोग सक्रिय बने रहे। विमानो का श्रद्धालुओं के घरों में जाने का रात्रि में सिलसिला भी बना रहा।

डोल ग्यारस पर निकले मनमोहक विमान, भगवान के दर्शनों को उमड़ा नगर

बाड़ी। गणेश महोत्सव के मध्य आने वाला डोल ग्यारस महापर्व जिसे जलझूलनी एकादशी के रूप में भी जाना जाता है। बाड़ी में आस्था, श्रद्धा और वर्षों पुरानी परंपराओं के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान श्रीकृष्ण के मनमोहक विमान निकाले गए जो निर्धारित मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण पर निकले। भगवान के विमानों के दर्शन के लिए दिनभर नगरवासी उत्सुक नजर आए।

ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार डोल ग्यारस पर मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को आकर्षक रूप से सजे विमान में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाता है। मंदिर समितियों और विमान महोत्सव समितियों द्वारा विमानों को आकर्षक स्वरूप देने के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। जैसे ही विमान नगर की गलियों और मोहल्लों से निकले श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। महिलाओं ने आरती की थाल सजाकर पूजा-अर्चना की और परिवार एवं नगर की सुख-शांति की कामना की। बाड़ी कलां में प्राचीन श्रीकृष्ण धाम भूजी मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण की विमान यात्रा निकली। मंदिर के व्यवस्थापक पं. चंद्रप्रकाश शर्मा सहित विमान महोत्सव चल समारोह समिति के सदस्यों ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं प्राचीन भूतेश्वर धाम से भी भगवान श्रीकृष्ण का विमान निकाला गया जिसमें संजय सोनी सहित मंदिर समिति के सदस्यों की सहभागिता रही।



बाड़ी खुर्द में संत तपोभूमि बंसीदास आश्रम कृष्ण धाम, ब्लॉक कॉलोनी से भगवान श्रीकृष्ण का विमान निकला। बंसीदास आश्रम के महंत एवं महामंडलेश्वर गिरिराज महाराज की अध्यक्षता में श्रद्धालु विमान महोत्सव में शामिल हुए। इसके अलावा मारुति नंदन मंगलवार बाजार, शिव शक्ति धाम सेवा समिति एवं अन्य स्थानों से भी आकर्षक विमानों के साथ चल समारोह निकाले गए। वार्ड एवं कॉलोनियों से निकले विभिन्न विमान सामूहिक रूप से नगर भ्रमण करते हुए वारना नदी तट पहुंचे। ग्राम सिरवारा में भी भगवान श्रीकृष्ण के विमान के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

डोल ग्यारस के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की पालकी के नीचे से निकलने की परंपरा को भी श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ निभाया।

भंवरखेड़ी और हिनोतिया में कार्रवाई

विजिलेंस टीम की छापेमारी से हड़कंप, 8 पानी की मोटर जब्त



किसानों पर बिजली चोरी के केस दर्ज, 35 से 40 हजार रुपए तक के बिल थमाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

जिले के सांची विकासखंड की ग्राम पंचायत गीदगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम भंवरखेड़ी और हिनोतिया में मंगलवार को सीहोर से पहुंची बिजली विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ छापामार कार्रवाई की। टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए पानी की 8 मोटर जब्त कीं। कार्रवाई के बाद संबंधित किसानों के खिलाफ बिजली चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए तथा प्रत्येक पर करीब 35 से 40 हजार रुपए तक के बिजली बिल की कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार विजिलेंस टीम ने भंवरखेड़ी और हिनोतिया गांव में तालाबों, नदियों और अन्य स्थानों पर सिंचाई के लिए उपयोग की जा रही बिजली की जांच की। इस दौरान टीम को कई स्थानों पर बिजली के अवैध उपयोग की शिकायतें मिलीं। जांच के बाद टीम ने मौके से पानी की मोटरें जब्त कर लीं और संबंधित किसानों के खिलाफ बिजली चोरी के प्रकरण दर्ज किए।

अचानक पहुंची टीम गांव में मचा हड़कंप

सीहोर से आई विजिलेंस टीम के अचानक गांव में पहुंचने और एक के बाद एक स्थानों पर कार्रवाई शुरू करने से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई। टीम ने कई स्थानों पर पहुंचकर बिजली कनेक्शन और सिंचाई के लिए इस्तेमाल हो रही मोटरों की जांच की। कार्रवाई के दौरान 8 मोटर जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई है। विजिलेंस कार्रवाई के बाद संबंधित किसानों पर बिजली चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए। साथ ही प्रत्येक किसान को करीब 35 से 40 हजार रुपए तक का बिजली बिल थमाए जाने की बात सामने आई है।

इनका कहना है

विजिलेंस टीम द्वारा भंवरखेड़ी और हनोतिया गांव में अवैध रूप से चल रही बिजली मोटर को जप्त कर बिजली चोरी के प्रकरण बनाए गए हैं। किसान बिजली कनेक्शन लेकर ही अपने खेतों में सिंचाई करें अन्यथा आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

मनीष कुमार, जूनियर इंजीनियर

कलेक्टर ने सुनीं शिकायतें, बोले समय-सीमा में निराकरण करो



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मंगलवार को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क निर्माण, पेंशन, छात्रवृत्ति, पीएम आवास योजना, शहरी आवास आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इसमें लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ कमल सोलंकी,अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय एसडीएम मनीष शर्मा द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं।

जानलेवा मारपीट के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

प्राणघातक चोटों की मेडिकल रिपोर्ट के बाद धारा बढ़ाई, स्कॉर्पियो सहित घटना में प्रयुक्त सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

थानांतर्गत ग्राम साईखेड़ा निवासी अमन राय के साथ 6 सितंबर को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अमन के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की थी। घटना के बाद प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मेडिकल रिपोर्ट में पीड़ित के शरीर पर प्राणघातक चोटें सामने आने के बाद पुलिस ने प्रकरण में धारा 109(1) बीएनएस का इजाफा किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटना में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रेमनारायण उर्फ गौरव पिता गोविंद प्रसाद तिवारी उम्र 28 वर्ष निवासी साईखेड़ा, योगेश पिता हरिशंकर मालवीय उम्र 19 वर्ष निवासी मूडापार थाना बम्होरी, जतिन पिता नीरज लोधी उम्र 21 वर्ष निवासी कीरतपुर थाना सिलवानी, हर्षित कलोसिया पिता कमल कलोसिया उम्र 20 वर्ष निवासी सिलवानी, दिनेश ठाकुर पिता अजमेर सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी चंद्रपुरा गढ़ेली तथा प्रत्यूष डागौर पिता दीपक डागौर उम्र 18 वर्ष निवासी सिलवानी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सामग्री के साथ काले रंग की स्कॉर्पियो भी जब्त की है।

एसपी, जिपं सीईओ सहित अधिकारी रहे मौजूद

ग्रामीण संपत्तियों की फ्री रजिस्ट्री में तेजी के निर्देश ग्राम धोखेड़ा पहुंचकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/ बरेली

सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों का अधिकार दिलाने के लिए चलाए जा रहे स्वामित्व योजना के कार्यों का मंगलवार को कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया। कलेक्टर बरेली तहसील के ग्राम धोखेड़ा पहुंचे और यहां ग्रामीण संपत्तियों के निःशुल्क रजिस्ट्रीकरण कार्य की प्रगति देखी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से अब तक किए गए कार्य और शेष प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य में तेजी लाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को दिए आदेश।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनकी संपत्ति का विधिवत अधिकार उपलब्ध कराना है। इसके तहत ग्रामीणों की संपत्तियों के रजिस्ट्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र ग्रामीणों को योजना का लाभ दिलाने में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए।



लंबित काम जल्द पूरा करने के निर्देश

कलेक्टर ने रजिस्ट्रीकरण कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन ग्रामीण संपत्तियों का रजिस्ट्रीकरण अभी बाकी है, उन्हें चिह्नित कर प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के बीच समन्वय बनाकर काम करने और तकनीकी अथवा दस्तावेज संबंधी दिक्कतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर ग्रामीणों से भी चर्चा कर योजना के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्रामीणों को स्वामित्व योजना की प्रक्रिया और इससे मिलने वाले लाभों के बारे में भी जानकारी दी जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही इसका लाभ ले सकें।

अधिकारियों की टीम रही मौजूद

ग्राम धोखेड़ा में निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता और जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी भी कलेक्टर के साथ मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्वामित्व योजना के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का अधिकार संबंधी दस्तावेज उपलब्ध होने से भविष्य में संपत्ति से जुड़े विवादों के निराकरण में भी मदद मिलती है। साथ ही ग्रामीण अपनी संपत्ति का उपयोग विभिन्न वैध कार्यों के लिए कर सकेंगे।

जन सुविधा केंद्रों के साथ डिवाइडरों पर किया पौधरोपण

नगर में तीन सुलभ जन सुविधा केंद्रों का अध्यक्ष चौधरी ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

मंगलवार को नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा नगर के तीन अलग-अलग स्थानों पर लगभग 11 लाख 50 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित सुलभ जन सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया गया। इनमें एक केंद्र जेल के सामने, दूसरा हनुमानगढ़ी मंदिर के पास तथा तीसरा नया बस स्टैंड के बाहर बनाया गया है। प्रत्येक जन सुविधा केंद्र का निर्माण लगभग 3 लाख 81 हजार रुपए की लागत से कराया गया है। इन जन सुविधा केंद्रों में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पानी की टंकी, विद्युत व्यवस्था, जाली एवं बाउंड्री सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। शुभारंभ के बाद नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों द्वारा मुख्य सड़क के डिवाइडरों पर वृक्षारोपण भी किया गया।



इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने कहा कि नागरिकों की सुविधा को देखते हुए इन तीनों स्थानों पर जन सुविधा केंद्रों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नगर के व्यापारियों एवं नागरिकों की मांग पर जेल के सामने सुविधा केंद्र बनाया गया है, जिससे इस क्षेत्र में स्थित बैंकों, जेल एवं नजदीकी शनि मंदिर में आने वाले महिला-पुरुषों को सुविधा मिल सकेगी। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, पार्षद पीयूष मालवीय, विधायक प्रतिनिधि राजेश साहू, पार्षद प्रतिनिधि वीरेंद्र धाकड़, शैलेंद्र पटेल, अनीश खान, एल्डरमैन हिमकर उपाध्याय, फूल सिंह धाकड़, संजय चक्रवर्ती, हरिचरण बारीवा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ, संजय शर्मा, संतोष मालवीय, अरशद मसूद सहित नगर परिषद कर्मचारीयों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

चक्काजाम कर सड़क पर की अंतिम संस्कार की तैयारी, समझाइश पर माने

मुक्तिधाम का रास्ता पानी में डूबा तो लोगों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/सिलवानी

मुक्तिधाम जाने के लिए रास्ता नहीं मिलने और बारिश का पानी भरा होने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को ऐसा कदम उठाने का निर्णय लिया, जिससे प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए। सिलवानी तहसील के ग्राम पंचायत मुगलीखेड़ी क्षेत्र में ग्रामीणों ने शव का अंतिम संस्कार मुक्तिधाम के बजाय मुख्य सड़क पर करने की पूरी तैयारी कर ली। नाराज ग्रामीण शव लेकर बम्होरी-बटेरा मार्ग पर पहुंच गए और यहां चक्काजाम कर दिया। जिससे घंटों ट्रैफिक सिस्टम प्रभावित हुआ।

ग्रामीणों का कहना था कि गांव के मुक्तिधाम तक पहुंचने वाले रास्ते पर बारिश का पानी भरा हुआ है। रास्ता खराब होने के कारण शव को मुक्तिधाम तक ले जाना बड़ा बड़ा मुश्किल हो रहा था। इससे मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर ही अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। जानकारी मिलते ग्रामीणों द्वारा सड़क पर अंतिम संस्कार की तैयारी किए जाने की सूचना मिलने के बाद बरेली पुलिस सहित एसडीएम अलका सिंह सहित स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए सड़क पर अंतिम संस्कार नहीं करने के लिए कहा। काफी देर तक समझाइश और बातचीत के बाद ग्रामीणों ने अपना निर्णय बदला। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार के लिए शव को नर्मदा घाट ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार कराया गया।



थोड़ी देर और होती तो सड़क पर ही हो जाता अंतिम संस्कार

ग्रामीणों के विरोध के दौरान स्थिति गंभीर हो गई थी। ग्रामीण मुख्य सड़क पर ही अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर चुके थे। उनका कहना था कि यदि पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंचती तो बम्होरी-बटेरा मुख्य मार्ग पर ही अंतिम संस्कार कर दिया जाता। ग्रामीणों ने मुक्तिधाम तक जाने के लिए उचित रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की।

चार साल पहले भी सड़क किनारे किया था अंतिम संस्कार

ग्रामीणों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब मुक्तिधाम तक पहुंचने की समस्या को लेकर ऐसी स्थिति बनी है। करीब चार साल पहले भी इसी क्षेत्र के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा था और उस समय भी सड़क किनारे अंतिम संस्कार किए जाने की बात सामने आई थी। इसके बावजूद मुक्तिधाम तक पहुंचने वाले रास्ते की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है।

बारिश ने बढ़ाई परेशानी

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में मुक्तिधाम जाने वाला रास्ता पानी से भर जाता है। ऐसे में शव को वहां तक ले जाना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन समेत जिला सीईओ कमल सोलंकी से मांग की है कि मुक्तिधाम तक पहुंचने वाले रास्ते को दुरुस्त कराया जाए।